## एक नजर

### यूपी बोर्ड:सातवें दिन जांची गईं 67609 कॉपियां

**शाहजहांपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार को भी जारी रहा। परीक्षकों ने सातवें दिन 41826 और इंटर की 25783 कॉपियां चेक की। इस तरह अब तक कुल 67609 कॉपियां जांची गईं। अब हाईस्कूल की 58571 और इंटरमीडिएट की 31885 उत्तर पुस्तिकाएं ही अवशेष रह गई हैं। पर्यवेक्षक दीपक दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को 1143 परीक्षकों ने यूपी बोर्ड का मूल्यांकन कार्य किया। मूल्यांकन कार्य छह केंद्रों पर किया जा रहा है, जिसमें हाईस्कूल के दो और इंटरमीडिएट के चार स्कूल शामिल हैं। पहले दिन परीक्षकों के गैरहाजिर रहने से कॉपियां कम संख्या में जांची गई थी। उच्च स्तर से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी जारी होने पर परीक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसके बाद मूल्यांकन कार्य ने जोर पकड़ा है।

### सीबीएसई परीक्षा में बैठे 189 परीक्षार्थी

**शाहजहांपुर।** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की राजनीति विज्ञान की छह केंद्रों पर चली परीक्षा में 189 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि राजनीति विज्ञान की परीक्षा में 194 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 189 परीक्षा में शामिल हुए और पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गए।

# देर रात तक बाजारों में हो रही रौनक, दुकानदारों के खिले चेहरे

## कचरी-पापड़, रंग-पिचकारी और कपड़ों की खरीदारी करने उमड़ रहे लोग, रेडीमेड गुझिया, मठरी, सेम, शक्कर पारे के साथ पेठा की बढ़ी डिमांड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शुक्रवार को बाजार में होली की खरीदारी को उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार



ये वाली दे दो ...बच्चों के लिए पिचकारी और रंग खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रंग और आपसी सौहार्द के प्रतीक होली पर्व को अब दो दिन ही शेष रह गए हैं। होली की तैयारियों के लिए बाजारों में ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। बंपर सेल से दुकानदारों के चेहरे चमक रहे हैं। स्थिति तो यह हो गई है कि दुकानदारों को खाना-पीना और जलपान की भी फुर्सत नहीं है। बाजार में सड़कों पर लोगों को निकलना भारी पड़ रहा है।

होली के लिए एक ओर जहां घरों में महिलाएं चिप्स, पापड़, कचरी आदि बनाने में मशगूल हैं, वहीं बाजार में भी रेडीमेड आइटम की दुकानें और ठेले लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। कई तरह की डिजाइन वाली रंग-बिरंगी कचरी, चिप्स के साथ मैदा, आलू, साबूदाना के पापड़ खरीदने महिलाएं उमड़ रही हैं। इसमें देहात क्षेत्रों के ग्राहक भी शामिल हैं। ग्रामीणों को रंग-बिरंगी कचरी बहुत पसंद आ रही हैं। मिठाई की दुकानों पर गुझिया, मठरी, सेम, पापड़ी, बेसन के सेव, दाल के समोसे, शकर पारे आदि

- **अबीर-गुलाल की दुकानों पर जमकर की जा रही खरीदारी**
- **दाम बढ़ने के बावजूद खूब हो रही पिचकारी की खरीद**

आइटम सजे दिखाई पड़ रहे हैं। इनकी खरीरदारी भी शुरू हो चुकी है। मीठी-नमकीन दालमोठ, पेठा आदि की बिक्री के जोरों पर चल रही है।

बाजार में दुकानों के अलावा फुटपाथ पर अबीर-गुलाल, रंग, पिचकारी, कैप, सतरंगी जटाएं, मुखौटो की दुकानों भी सज चुकी हैं। बरेली मोड़, अजीजगंज, चारखंभा, केरूगंज, रोशनगंज, कृष्णानगर, चौक, मालखाना मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार, कटियाटोला, जलालनगर, दलेलगंज बाजारों में पिचकारियों और रंगों की दुकानों पर जोरों से खरीदारी चल रही है।

पिचकारियों के दाम भले ही आसमान छू रहे हों, लेकिन खरीद सभी रहे हैं। आखिर त्योहार पर बच्चों की खुशी का जो मामला है। पिचकारियों के साथ बच्चे तरह-तरह के मुखौटे और जटाएं भी खरीद रहे हैं।

होली पर नए वस्त्र पहनने का भी रिवाज है, इसलिए लोग बच्चों के साथ ही परिजनों के लिए भी कपड़ों की खरीदारी करने में जुटे हैं।

रेडीमेड की दुकानों और मॉल पर देर रात तक ग्राहक पहुंच रहे हैं। महिलाएं अपने लिए सूट, साड़ियां, मैचिंग की चूड़ियां और श्रृंगार सामग्री भी खरीद रही हैं। वहीं, बच्चे रंग-बिरंगे फैंसी सूट, जींस, शर्ट, जूते-चप्पल खरीदकर खुश हो रहे हैं। बाजार में उमड़ रही भीड़ से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं।



दुकान पर नमकीन खरीदने के लिए उमड़े ग्राहक। ● अमृत विचार

# स्कूल में छुट्टी के पहले बच्चों ने खूब खेली होली



डोरेमोन्स स्कूल में शिक्षिकाओं संग होली की मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली को लेकर शुक्रवार से स्कूल कॉलेज बंद हो गए। शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी होते ही छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए। इस मामले में शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी होली खेली और एक दूसरे को होली की बधाई दी।

डोरेमोन्स इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को बच्चों ने सहपाठियों और शिक्षिकाओं के संग होली की मस्ती की। हाथों में गुलाल और रंग लिए बच्चों ने एक-दूसरे के साथ खूब रंग खेला। साथ ही होली गीतों पर नृत्य भी किया। प्रधानाचार्य दीपमाला रस्तोगी ने बच्चों के साथ रंग खेलने की व्यवस्था की। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी स्कूल में बुलाया गया। बच्चों के साथ अभिभावकों और शिक्षिकाओं ने भी जमकर होली की मस्ती की। प्रधानाचार्य ने बच्चों को होली का महत्व समझाते हुए आपस में प्रेमपूर्वक त्योहार मनाने का संदेश दिया। संचालन अंशिका बाथम ने किया।



एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते बच्चे। ● अमृत विचार

### केडी सिंह में बच्चों ने मनाई होली

**कलान।** केडी सिंह कॉलेज सुगसुगी अल्हागंज में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में होली का पर्व छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मनाया। साथ ही एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने होली के गीत भी प्रस्तुत किए गए। जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि होली का पर्व भाईचारे का त्योहार है। आपस के बैर-भाव भुलाकर त्योहार मनाएं। उन्होंने प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की सलाह दी और कहा कि ऐसे लोगों को रंग कतई न लगाएं, जिन्हें रंग खेलना पसंद नहीं है अथवा रंगों से जिन्हें नुकसान पहुंचता हो। इस मौके पर रजत सक्सेना, अर्पित मिश्र, उत्कर्ष चंदेल, उपासना, ईश आदि मौजूद रहे।

# एमकॉम के छात्रों को समझाया वित्तीय ज्ञान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में शुक्रवार को एम कॉम छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के काउंसलर मुकुल श्रीवास्तव ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्र अपने जेब खर्च की राशि बचा शेयर बाजार में निवेश कर सकते हैं। यदि छात्र अभी से बचत की आदत डालेंगे, तो आगे यह उनके लिए आर्थिक मजबूती का आधार बनेगी।

काउंसलर सफीउद्दीन ने कहा कि पैसे का दुरुपयोग रोकने के लिए वित्तीय ज्ञान की आवश्यक होती है। वित्तीय ज्ञान बताता है कि धन को किस प्रकार सुरक्षित स्थान पर निवेश करना चाहिए। निवेश की शुरुआत जितना जल्दी की जाए उतना ही अच्छा रहता है, क्योंकि लंबी आर्थिक सुरक्षा के साथ ऊंची दर से आय प्राप्त होती है। अखिल वर्मा ने भी अपने विचार रखे। डॉ. रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम में संयोजक डॉ. गौरव सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पहले प्राचार्य प्रो. आर के आज़ाद तथा उप-प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, बृज लाली, डॉ. पोथीराम सिंह, डॉ. मोहिनी शंकर, अखंड प्रताप सिंह, सर्वेश कुमार गंगवार, रोहित कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

- **भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के काउंसलर ने समझाया निवेश का महत्व**

# बच्चे राधा-कृष्ण तो महिलाएं बनीं गोपियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ओमर वैश्य महिला परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को ब्रज की होली का आयोजन किया गया। होलिकोत्सव में बच्चे राधा-कृष्ण और महिलाएं गोपियों के स्वरूप में सजधज कर शामिल हुईं। भजनों पर महिलाओं ने नृत्य किया और बाद में अबीर-गुलाल और फूलों की होली खेली।

मनिहारी के वेष में आए कान्हा को महिलाओं ने चूड़ियां पहनाकर मस्ती की। इसके बाद भजनों का कार्यक्रम चला, जिसमें सभी ने होली गीत गाकर मस्ती की और नृत्य भी किया। इसी कड़ी में सभी ने विभिन्न प्रकार के फन गेम्स, तंबोला, और सरप्राइज़ प्रश्नोत्तरी का भी आनंद लिया। अध्यक्ष सोनिया गुप्ता के संयोजन में चले कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और गुझिया, ठंडाई आदि स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया।



राधा-कृष्ण की झांकी के साथ प्रसन्नचित्त मुद्रा में महिलाएं। ● अमृत विचार

- **होली के गीतों पर जमकर थिरकीं ओमर वैश्य परिषद की महिलाएं, खेले रोचक गेम**

कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्षा नीलम गुप्ता, महामंत्री रीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरू गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री शैली गुप्ता, राधा गुप्ता, योगिता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, गीता गुप्ता, रम्मन गुप्ता, अंजली गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रश्मि गुप्ता, अर्पणा गुप्ता, नीलम गुप्ता, संजू , पूजा गुप्ता, अर्चना ,पारुल, रश्मि, ईशा, रिचा गुप्ता , मंजू गंगवार, सीमा गंगवार आदि महिलाएं शामिल रहीं।



सिटी पार्क कॉलोनी में लड्डू गोपाल के साथ होली मनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# लड्डू गोपाल के साथ मनाया होली का उत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व पर कोई रंगों में रंगा हुआ नजर आ रहा है तो कोई फाल्गुन गीत गा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को महानगर के लोधीपुर स्थित सिटी पार्क कॉलोनी सिटी पार्क में लड्डू गोपाल के साथ होली का उत्सव मनाया गया। जिसमें महिलाओं, बच्चों ने लड्डू भगवान को रंग गुलाल लगाकर होली त्योहार मनाया। जिसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगा होली की शुभकामनाएं दी। अक्षय पांडे, अमृता पांडे, रूपा, हिना, सुष्मिता, सीमा, शिखा, कविता, शिवानी, कमलेश, दीप्ति, कल्पना, अमिता, दीपांजलि, लीना, मीनाक्षी ने प्रसाद बांटा।

# मिट्टी डालने का विरोध करने पर युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा क्षेत्र के मोहल्ला बिल्लीगंज निवासी संजीव कुमार ने बताया कि दो दिन से उसके घर के बाहर पड़ोसी सोनपाल जेसीबी से हाईवे पर मिट्टी डाल रहा है।

17 मार्च की दोपहर उन्होंने उससे कहा कि मिट्टी उनके घर के अंदर आ रही है। इस बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि सोनपाल परिवार वालों के साथ आया और संजीव को पीटकर घायल कर दिया।

आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी सोनपाल, अजीत, अंकित समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**रीति रिवाज** | डीजे, मोबाइल के दौर में विलुप्त हो रही विधा को जीवित रखे हैं जमुही के लोग, बुजुर्गों से ले रहे परंपरा

# होली के पर्व पर ग्रामीण आज भी निभा रहे हैं धमार बजाने की परंपरा

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार** : आधुनिकता की चकाचौंध, डीजे और मोबाइल के चलते होली पर पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं, वहीं क्षेत्र के जमुही में धमार बजाने की पुरानी परंपरा को ग्रामीण आज भी जीवित रखे हुए हैं। होली को दो दिन बचे हैं लेकिन पहले जैसी ढोलक की थाप और न ही फाल्गुनी गीत सुनाई दे रहे हैं। बसंत पंचमी के दिन से ही होली की तैयारी शुरू हो जाती थी। भारतीय परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन से ही फाल्गुनी गीतों की शुरुआत करते थे।

ढोलक के स्वर और फाल्गुनी गीत बसंत पंचमी होली आने की सूचना देते थे लेकिन अब पहले ही तरह फाल्गुनी गीत सुनाई नहीं देते हैं। दौर बदलने के अनुसार गीतों के बोल बदल गए हैं। भारतीय शास्त्रीय और पारंपरिक गीत प्रत्येक मास, ऋतु, बेला एवं आयोजन के लिए अलग है। इनकी धुन अलग है तो भाव बेहद गूढ है। बसंत पंचमी के बाद होली गीत गाए जाने की ही नहीं, इस दिन होलिका दहन की भी स्थापना विलुप्त होती जा रही है।



ढोलक की थाप पर फाल्गुनी गीत गाते युवा। ● अमृत विचार

रोजा के गांव जमुही में आज भी प्राचीन धमार बजाने की परंपरा चली आ रही है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि ये वर्षो से चली आ रही है, जो बसंत पंचमी से शुरू होकर होली चराय तक चलती रहती है। इस परंपरा में बूढ़े से लेकर बच्चे तक शामिल रहते हैं।

- **बसंत पंचमी के दिन से ही होली आगमन की सूचना देते थे फाल्गुनी गीत**

गांव के बुजुर्ग मदन ने बताया कि धमार की धुन मुख्य चौराहे से शुरू होकर गांव के गली चौबारों तक पहुंच जाती हैं।

टीम उन घरों के दरवाजे पर जरूर जाती हैं जिस घर में गमी होती हैं। घर के दरवाजे पर बैठ कर लोकगीत व होली गीत सुनाकर गमी में परिवार को खुशी देने का प्रयास करते हैं।

धमार टोली में बुर्जुगों के अलावा बच्चे और युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। कोई ढोलक बजाता है तो कोई चिमटा, तो कोई खंजड़ी, मजीरा बजाता है। गांव के लोग भी उमंग और उत्साह के साथ इस आयोजन में शामिल होते हैं।

### परंपरा बचाने के लिए युवा आ रहे आगे



गांव के आकाश सिंह का कहना है कि धमार बजाने की परंपरा वर्षो पुरानी हैं। इसमें युवा जुड़ रहे हैं, ताकि यह जीवित रहे। गांव के लोग आपस में मिलकर धमार का आयोजन करते हैं। जिन घरों में गमी होती हैं वहां जाकर दुआ साझा करते हैं। जिसमें गांव के वीरेंद्र सिंह, अमित, रंजीत सिंह व सानी सिंह का भी सहयोग रहता है।

### पारंपरिक लोकगीतों का सीखना जरूरी



गांव के युवा गौरव का कहना है कि युवा इन पारंपरिक गीतों को सीखने और बुजुर्गों को सिखाने के लिए आगे आना होगा। आज के जमाने में होली गीत के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रही है। जो उचित नहीं है। पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही लोक परंपराओं और इनसे जुड़े विभिन्न रस और भाव पर आधारित गीतों को कायम रखने की पहल आवश्यक है।

### लोकगीतों से मिलती है ऊर्जा



युवा गायक राहुल का कहना है कि लोकगीतों व कलाओं से शरीर को ऊर्जा मिलती ही है साथ ही अनेक रोगों से मुक्त रहता है। पीढ़ी दर पीढ़ी हर मौसम के गीतों के ग्रामीण कहीं प्रशिक्षण नहीं लेते थे। बस आज के युवा इन चीजों से विमुख होता जा रहा है। इसलिए यह विधा विलुप्त होने की कगार पर पहुंच रही है।

### अपनी परंपरा पर गर्व है



जमुही गांव के युवा रामू सिंह का कहना है कि उनके गांव के बुजुर्गों ने भाईचारे को लेकर जो परंपरा शुरू की थी वह आज भी जीवित हैं। धमार की धुन पर पूरे गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे पूरा आनंद लेते हैं और इसमें सहयोग करते हैं। महिलाओं का भी खान-पान को लेकर सहयोग रहता है।

# रंग खेलें...जरा संभल कर कहीं उड़ा न दे चेहरे की रंगत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली का त्योहार खुशियों का त्योहार है। खुशी में एक दूसरे को रंग लगाते हैं और पिचकारी से रंगों की बौछार करते है लेकिन खुशी के इस त्योहार को ग्रहण न लग जाए, इसलिए रंग जरा संभल कर क्योंकि घातक रंग आपकी त्वचा और चेहरे को खराब कर सकते हैं। ऐसे में त्वचा का ख्याल भी रखना जरुरी है।

बता दें कि होली का त्योहार खुशियों का त्योहार है। यह त्योहार अबीर-गुलाल का है लेकिन अधिकांश लोग केमिकल के रंग का प्रयोग करते है। बाजार में भी अधिकांश केमिकल के रंग की बिक्री होती है। चेहरे की त्वचा बहुत ही नाजुक होती है। रंगों में तरह-तरह के मिले केमिकल त्वचा को खराब कर सकते है। अधिकतर रंगों में मेटल ऑक्साइड नामक केमिकल पाया जाता है, जो हमारे चेहरे को बिगाड़ देता है। बालों के लिए भी केमिकल का रंग नुकसानदायक है। चेहरे पर छोटे-छोटे छिद्र होते है, जब केमिकल रंग चेहरे पर पड़ता है, छिद्र बंद हो जाते है, जिससे चेहरे की नमी चली जाती है और चेहरा काला पड़ने लगता है। डॉक्टरों का कहना है कि रंग में आक्साइड नामक केमिकल पाया जाता है, जो चेहरे पर लगने के बाद कुछ देर खुशबू आती है। लेकिन हमेशा के लिए चेहरे पर हमेशा के लिए दाग छोड़ जाते है।

### त्वचा व बालों का रखें ख्याल

- रंग खेलने से पहले चेहरे पर सरसों का तेल लगाए।
- बेसन का घोल भी चेहरे पर लगा सकते है।
- गुलाब जल, ग्लिसरीन, अरोमा के तेल मिश्रण चेहरे पर लगा सकते
- बादाम और नारियल का तेल बालों में लगाएं।
- संस क्रीम का भी प्रयोग चेहरे पर कर सकते हैं।
- चेहरे पर लगे रंग को रगड़-रगड़ कर न धोएं।
- नींबू व पानी के मिश्रण से बालों को धोया जा सकता है।

रंग में ऑक्साइड नामक केमिकल पाया जाता है, जो चेहरे पर लगने के बाद कुछ देर खुशबू आती है। लेकिन हमेशा के लिए चेहरे पर दाग छोड़ जाते है। रंग खेलने से सावधानी बरतना जरूरी है। चेहरे पर जलन मचती है तो स्किन के डॉक्टर से सलाह लें।

– डॉ ऊषा चंद्रा, चर्म रोग विशेषज्ञ, मेडिकल कालेज


The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
बारहवां रोज़ा इफ्तार - 23 मार्च 2024
सुन्नी - 06:28 बजे
शिया - 06:35 बजे
तेरहवां रोज़ा सहरी - 24 मार्च 2024
सुन्नी - 04:45 बजे
शिया - 04:41 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग
विकास खंड सिंधौली
जनपद शाहजहांपुर

आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## नारों की पतवार के सहारे कई बार पार हुई है प्रत्याशियों की चुनावी नैया, जीतने को आज भी ब्रह्मास्त्र माने जाते हैं नारे

# खूब छाया था- जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हदबंदी में...

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

- **1952 में खरो रुपया चांदी कौ, राज महात्मा गांधी कौ के विरोध में आया था देश की जनता भूखी है, यह आजादी झूठी है का नारा**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 67 साल में हर बार हुए चुनावों में नारों के रंग व तेवर बदलते रहे। नारे भले ही बदलते रहे हों, लेकिन इनका महत्व नहीं बदला। वर्ष 1952 से लेकर 2024 तक चुनावी पार्टियों के नारों ने विचारधारा की लकीर खींची है। नारों की पतवार के सहारे कई बार प्रत्याशियों की चुनावी नैया भी पार हुई है।

बुद्धिजीवियों का कहना है कि चुनाव में नारे तो हमेशा दिल्ली से ही शुरू होते रहे, लेकिन वह नारे जनता के दिल से कब जुड़ते जाते पता ही नहीं चलता। कुछ नारे ऐसे होते हैं जो लोगों की जुबां पर चढ़ जाते हैं। वर्ष 1952 में कांग्रेस ने नारा दिया- खरो रुपया चांदी कौ, राज महात्मा गांधी कौ। इसके विरोध में कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया- देश की जनता भूखी है, यह आजादी झूठी है।

वर्ष 1957 में नारा लगा- जली झोपड़ी भागे बैल, यह देखो दीपक का खेल, जिस दीपक में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। वर्ष 1962 में नारा सामने आया कि जाटव, मुस्लिम नारे भाई-भाई, बाकी कौम...। समाजवादियों ने बांधी गांठ, पिछड़े पाओ 100 में से 60, सिंहासन खाली करो, जनता आती है। वर्ष 1967 में कांग्रेस ने नारा लगाया जय जवान जय किसान। 1971 में राजा महाराजाओं का प्री पर्स खत्म, गरीबी हटाओ, नारा वजूद में आया। 1977 में बेटा कार बनाएगा, मां सरकार बनाएगी, जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हदबंदी में, दरवाजे पर खड़ी औरतें, चिल्लाएं, मेरा मर्द गया नसबंदी में का नारा लगा। वर्ष 1980 में इंदिरा जी की बात पर मुहर लगेगी हाथ पर का नारा आया।

वर्ष 1984 में जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा। उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं... नारा खूब छाया। इसके बाद वर्ष 1996 में सबको देखा बारी-बारी, अबकी बार अटल बिहारी।

महंगाई जो रोक न पाए, वो सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है। वर्ष 2004 में शाइनिंग इंडिया, कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ, का नारा लगा। वर्ष 2014 में हर जोश नहीं, युवा जोश, अब की बार मोदी सरकार, अच्छे दिन आने वाले हैं, सबका साथ सबका विकास का नारा लगा। वर्ष 2019 में मोदी है तो मुमकिन है, अबकी बार मोदी सरकार, मोदी हटाओ, देश बचाओ, और अब होगा न्याय, आकाश से नेहरू करे पुकार, मत करो बेटी पर अत्याचार, का नारा अस्तित्व में आया।

वर्ष 2024 में मोदी की गारंटी, हाथ बदलेगा हालात, फिर एक बार मोदी सरकार, तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी पार 400 पार का नारा दिया गया है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर चुनाव आयोग सख्त, झंडा- गिलास व प्लेट पर पाबंदी

## पर्यावरण संरक्षणः आयोग प्लास्टिक के झंडे, स्टीकर तक की रखेगा निगरानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **चुनाव के दौरान राजनीतिक प्रचार-प्रसार में ज्यादा प्रयोग होती है प्लास्टिक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**



**अमृत विचारः** चुनाव आयोग शांतिपूर्ण मतदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी चिंतित है। इसी क्रम में आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी है। चुनाव में प्लास्टिक के झंडे और प्लास्टिक के गिलास व प्लेट आदि का प्रयोग न करने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल प्रचार सामग्री का प्रयोग बड़ी मात्रा में करते हैं। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के बने उत्पादों का प्रयोग होता है। जिनसे विशेष रूप से प्लास्टिक की झंडियां, बैनर आदि बनाए जाते हैं।

पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से लेते हुए चुनाव आयोग ने इन पर कड़ा प्रतिबंध लगाने की ओर कदम बढ़ाया है। सियासी दलों के कार्यक्रमों में प्लास्टिक और थर्माकोल के बने गिलास, प्लेट आदि का प्रयोग किया जाता है। इनका निस्तारण नहीं हो पाता है और पर्यावरण को खतरा पैदा होता है। इसे ध्यान में रखकर चुनाव आयोग ने सिंगल यूज प्लास्टिक की सामग्री पर पाबंदी लगा दी है। चुनाव में इनका प्रयोग न हो इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस तरह की सामग्री बनाने वालों पर नजर रखने के साथ-साथ राजनीतिक दलों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रतिबंधित सामग्री का प्रयोग न किया जाए।



> लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है। इसमें साफ सफाई व्यवस्था से लेकर पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश आयोग की ओर से दिए गए हैं। चुनावी सामग्री में प्लास्टिक पूरी तरह बैन रहेगी। उल्लंघन पर आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। **-संजय कुमार पांडेय**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन

### यह होंगे विधान सभा क्षेत्रों के एआरओ

चुनावी आचार संहिता के पालन को लेकर प्रशासन ने कमर कसी हुई है। नियमों का उल्लंघन न हो इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी क्रम में हर विधान सभा क्षेत्र में एआरओ नियुक्त किए गए हैं। कटरा में एसडीएम कलान महेश कैथल मोबाइल नंबर 945415883 को एआरओ की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह जलालाबाद में एसडीएम रविंद्र कुमार मोबाइल नंबर 945415881, तिलहर में एसडीएम अंजली गंगवार मोबाइल नंबर 945415879, पुवायां एसडीएम संजय कुमार पांडेय मोबाइल नंबर 9454415880, सदर से सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार मोबाइल नंबर 9454415888, ददरौल विधानसभा एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ 9454415878 को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### एप में वोटर आईडी नंबर डाल जानें बूथ

इस चुनाव में आप मोबाइल एप के जरिये बहुत सारी जानकारी ले सकते हैं। वीएचए एप के माध्यम से मतदाताओं को वोटर आईडी कोड डालने परअपने मतदान स्थल और बूथ का पता लग सकेगा। इसके साथ ही केवाईसी एप के माध्यम से किसी भी प्रत्याशी के विषय में पूरी डिटेल मिल जाएगी। उसमें उनके व्यापार से लेकर उनकी संपत्ति आदि सभी प्रकार का ब्यौरा उपलब्ध होगा।

### जनसभा और जुलूस को लेनी होगी अनुमति

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक विधानसभा वार चुनावी सभा के लिए स्थान चिह्नित किए गए हैं। उन्हीं स्थानों पर चुनावी सभाएं होंगी। इसके लिए सुविधा एप शुरू किया गया है। इसमें चिह्नित स्थानों को सुविधा एप में डाउनलोड किया गया है। इसमें जानकारी रहेगी कि कौन-सा चिह्नित स्थान खाली है और कौन से मैदान में किस प्रत्याशी की जनसभा हो रही है।

प्रतिबंधित सामग्री का प्रयोग करने पर दंड का भी प्रावधान है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम तो पहले ही प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ शहर में अभियान चला रहा है। चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक मतदाताओं को केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। साथ ही वहां स्वच्छता रहे। इसकी जिम्मेदारी संबंधित नगर निगम, नगर पालिका और अन्य संबंधित विभागों की होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने सक्रियता बढ़ा दी है।

# होली-रमजान शांतिपूर्ण मनाए जाने की अपील



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद थाना प्रभारी व गणमान्य नागरिक। • अमृत विचार

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** थाने में शुक्रवार को हुई पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने होली का त्योहार एवं रमजान आदि पवित्र पर्व भाईचारे एवं शांति पूर्वक मनाए जाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस किसी को पाबंद किया गया है, वह तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर अपना मुचलका भरवा लें, नहीं तो पुलिस अपनी कार्रवाई करने में कोताही नहीं बरतेगी। बैठक में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष भाजपा नेता विनोद गुप्ता, मोहित गुप्ता, हरदेव शर्मा, संदीप गुर्जर, अशोक शर्मा, मोहम्मद उमर उस्मानी, दीपक नंदवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

## डीजे संचालकों के साथ की बैठक

**तिलहर,अमृत विचारः** होली पर्व पर हुड़दंग न हो सके इसको लेकर कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने डीजे संचालकों व होलिका दहन आयोजकों के साथ बैठक कर कड़ी हिदायत दी।

शुक्रवार को कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने कहा कि होली पर सबसे अधिक विवाद की जड़ डीजे-साउंड रहता है। सभी डीजे संचालक होली में डीजे बुक करने वालों की पूरी डिटेल अपने पास रखें। मानक से अधिक आवाज में डीजे न बजाने की हिदायत डीजे बुक करने वालों को दें। डीजे पर कोई विवाद होता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो डीजे बुक करने वाले और डीजे संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने सभी डीजे संचालकों को नोटिस जारी कर शासन की मंशा के अनुरूप होली पर्व पर सरकार की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। उधर होलिका दहन आयोजकों से भी उन्होंने अधिक तेज आवाज में डीजे नहीं चलाने तथा विवाद की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### जलालाबाद का युवक बनेगा लाट साहब मेडिकल हुआ

**शाहजहांपुर।** होली पर चौक से निकाले जाने वाले लाट साहब का चयन हो गया है। इस बार भी जलालाबाद के लाट साहब को ही फाइनल किया गया है। पहले मोहम्मदी से लाट साहब की बात चल रही थी। शुक्रवार को पुलिस कस्टडी और समिति के सदस्यों के साथ लाट साहब बनने वाले व्यक्ति का जिला चिकित्सालय में मेडिकल कराया गया। लाट साहब चयन समिति के वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी के एक सिपाही के साथ लाट साहब के लिए चयनित व्यक्ति का मेडिकल कराया गया। व्यक्ति की आयु लगभग 38 वर्ष की है। सीएमएस ने मेडिकल के आधार पर उसके नाक, कान, गला, आंख समेत अन्य किसी बीमारी के नहीं होने का प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जानकारी के अनुसार लाट साहब को बतौर इनाम 11 हजार रुपये, जींस समेत पांच वस्त्र, नौ नंबर की सैंडिल दी जाएगी। संबंधित व्यक्ति पिछले पांच दिनों से शहर में ही रखा जा रहा है।

### क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत करा दें मरम्मत

**शाहजहांपुर।** उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी व अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी ने शुक्रवार को महानगर के चौक क्षेत्र व सरायकाइयां से निकलने वाले छोटे-बड़े लाट साहब जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने जुलूस मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से तिरपाल से ढके गए धार्मिक स्थल और सड़क के किनारे की गई बैरिकेडिंग व्यवस्था को देखा। उप नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्गों पर अगर कोई पुलिया, सड़क क्षतिग्रस्त हो तो उसकी तुरंत मरम्मत करा दें। ताकि जुलूस में निकलने के दौरान आमजन को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। प्रकाश व्यवस्था ठीक करने के लिए अधीक्षक (पथ प्रकाश) को निर्देशित किया गया।

# अर्द्धसैनिक बल और पीएसी के साथ पुलिस टीम ने की पैदल गश्त

**होली पर अलर्ट**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सदर क्षेत्र में जजी कचहरी रोड पर पैदल गश्त करता फोर्स। • अमृत विचार

- **संदिग्ध वाहनों, वस्तुओं और व्यक्तियों की चेकिंग की**

**अमृत विचारः** होली को दो दिन बचे हैं, 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। इसीदिन जिले में छोटे-बड़े आठ जुलूस निकलते हैं लेकिन बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस को लेकर पुलिस को ज्यादा सतर्क रहना पड़ता है। रंगोत्सव के साथ इन जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस को अलर्ट कर दिया गया।

थाना और चौकियों में पीस कमेटी की बैठक के साथ ही पुलिस पैदल गश्त में जुट गई है। त्योहारों और आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने के लिए जिले को केंद्रीय अद्धसैनिक बल व पीएसी बल उपलब्ध कराया गया है। शुक्रवार को सीओ सिटी सौम्या पांडेय , थाना सदर बाजार पुलिस व केंद्रीय पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित थाना सदर बाजार के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

इस दौरान संवेदनशील व चिन्हित हॉट स्पॉट आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई और आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण त्योहारों व आगामी चुनाव के प्रति आश्वस्त किया। वहीं चौक कोतवाली क्षेत्र में भी पुलिस ने अर्धसैनिक बल व पीएसी के साथ जुलूस के रूट और प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

## एसपी ने टीम के साथ किया रूट मार्च

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बड़े लाट साहब के जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण**
- **बोले- भाईचारे का त्योहार है होली, शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं**



फोर्स के साथ रूट मार्च करते एसपी अशोक कुमार मीणा। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसपी अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को टीम के साथ शहर में रंग वाले दिन निकलने वाले बड़े लाट साहब जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया।

एसपी चौक कोतवाली से पैदल चले, मालखाना मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार, सदर बाजार चौराहा, टाउनहाल मार्ग, एसपी कॉलेज रोड पर फोर्स के साथ पैदल मार्च किया।

उन्होंने उस प्वाइंट को देखा कि कहां-कहां पर पुलिस फोर्स रहेगा और किस-किस स्थान पर बैरिकेडिंग की जाएगी। एसपी ने लोगों से संवाद कर कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है और शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे लोगों को ठेस पहुंचे। रूट मार्च में एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, सीओ ट्रैफिक वीएस वीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह, राजीव तोमर आदि थे।

# घरेलू विवाद में महिला ने पेट्रोल डालकर खुद को लगा ली आग, हालात गंभीर

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** घरेलू विवाद के चलते शुक्रवार को महिला ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। अफरा तफरी मचने पर परिजनों और आसपास के लोगों ने बमुश्किल आग बुझाई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके मुआयना कर जांच पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है।

पुवायां मार्ग पर स्थित एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की पत्नी से मामूली कहासुनी हो गई थी।

जिससे नाराज महिला ने शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपने ऊपर घर में रखा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। महिला को आग से झुलसता देख परिजनों के होश उड़ गए। किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद परिजन महिला को खुटार सीएचसी लाए। जहां से डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

खुटार सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि महिला को अस्पताल लाया गया था। करीब पचास प्रतिशत झुलसी महिला को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया था।

> सूचना मिली कि पति-पत्नी के विवाद में महिला ने आग लगाई है। कोई तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। **-संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### गर्भवती के पेट पर मारी लात, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** रोजा के गांव मंझा पूर्वी निवासी दुर्गा सक्सेना ने बताया कि बुधवार को घर के बाहर खड़ी थी। राहुल, अनुज आदि शराब के नशे में उसके दरवाजे पर खड़े होकर गाली दे रहे थे। विरोध किया तो मारपीट पर अमादा हो गए। घर की ओर भागी तो आरोपी घर में घुस गए और उसके पेट पर लात मार दी। पीड़िता ने बताया कि तीन माह की गर्भवती है। पुलिस ने आरोपी राहुल, अनुज, अभिजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**पर्व की जल्दी** ओपीडी और ट्रामा सेंटर में मरीजों की संख्या घटी, मेडिकल कॉलेज से छुट्टी करा घर जा रहे मरीज

# डॉक्टर साहब, त्योहार है भर्ती मत करो, दवा दे दो

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रंग वाले दिन इमरजेंसी के लिए सुरक्षित रखे गए हैं दस बेड**
- **दो दिन पहले चौबीस घंटे में भर्ती हुआ करते थे ढाई सौ मरीज**



जिला मेडिकल कॉलेज में खाली पड़े बेड। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** होली के त्योहार को लेकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज धीरे-धीरे छुट्टी करा अपने घरों को जा रहे है। इधर ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों और ओपीडी में भी मरीजों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा घटने लगी है। धीरे-धीरे वार्डों में बेड खाली होने लगे। इधर होली के रंग वाले दिन इमरजेंसी के लिए दस बेड सुरक्षित रखें गए हैं।

मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर में दो दिन पहले चौबीस घंटे में करीब ढाई सौ मरीज भर्ती हुआ करते थे। लेकिन इधर चौबीस घंटे में करीब डेढ़ सौ मरीज भर्ती हुए है। ट्रामा सेंटर में कुछ मरीज कहते है कि डॉक्टर साहब त्योहार है, भर्ती मत करो और दवा दे दे। घर पर इलाज कराते रहेंगे। दो दिन पहले ट्रामा सेंटर में एक बेड पर दो-दो मरीज थे। शुक्रवार को ट्रामा सेंटर में कुछ बेड खाली पड़े थे। इधर ओपीडी में तीन दिन पहले करीब 1300 पर्चे एक दिन में बन रहे थे। शुक्रवार को ओपीडी में पर्चों की संख्या घट गई और करीब 1100 पर्चे बने है। डाक्टरों के कक्ष में भी मरीजों की संख्या भी पहले से कम थी।

दो दिन पहले वार्ड में बेड के लिए मारामारी रहती थी। लेकिन होली त्योहार को दो दिन रहे गए है। वार्ड में सीरियस मरीज के अलावा अन्य मरीज डाक्टर से छुट्टी करवाकर अपने घरों को जा रहे है। जिससे वार्ड में भी बेड खाली पड़े है। उधर, रंग वाले दिन मेडिकल कॉलेज में दस बेड सुरक्षित कर दिए गए है। डाक्टरों व अन्य स्टाफ की छुट्टी रद कर दी गई है।

> होली के त्योहार को लेकर मरीज छुट्टी कराके अपने घरों को जा रहे है। ट्रामा सेंटर में भी भर्ती मरीजों की संख्या घटी है। **-डॉ. नेपाल सिंह**, सीएमएस

# बाढ़ में बह गए मिर्जापुर के दो स्कूल भवन नए बनेंगे

## एसएमसी को मिली 34 नए स्कूलों के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी

- 32 प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और कंपोजिट विद्यालयों का किया जाएगा पुनर्निर्माण
- एसएमसी और प्रधान अध्यापक की देखरेख में शुरू हुआ निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग को 34 स्कूल भवन के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी मिली है। जहां कार्य शुरू कराया जा चुका है। स्कूल भवन के निर्माण की व्यवस्था विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) को सौंपी गई है। इनमें मिर्जापुर क्षेत्र के दो ऐसे भवन भी शामिल हैं, जो बाढ़ में बह गए थे।

बेसिक शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक खुटार में कंपोजिट विद्यालय नरौठा हंसराम, प्राथमिक स्कूल नवदिया नवाजपुर, कंपोजिट विद्यालय खमरिया गदियाना, संधौली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंधरपुर और पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिश्रीपुर बुजुर्ग, प्राथमिक स्कूल सिंधौली, कठपुरा, सेखूपुर सरैया, लखरौंन, मुदा फत्तेपुर, भाजपुर, कंपोजिट विद्यालय बंधेला, नौगवां, प्राथमिक स्कूल अख्तियारपुर, कंपोजिट विद्यालय कटौल, गोरा रायपुर, उमरिया और कंपोजिट विद्यालय नथुआपुर, ददरौल में प्राथमिक स्कूल हिसमाहा, निगोही से प्राथमिक स्कूल ऐंठापुर, कटिया उसमानपुर, गंगा जमुनी, कंपोजिट विद्यालय भवानीपुर, शहदेवपुर, प्राथमिक स्कूल नरायनपुर और प्राथमिक स्कूल विक्रमपुर चकौरा, पुवायां के प्राथमिक स्कूल धारा, कंपोजिट विद्यालय बद्रीपुर हदीरा, प्राथमिक स्कूल कोंप, कंपोजिट विद्यालय सिंगहापुर के भवन का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है।


रणवीर सिंह

इसी क्रम में ब्लॉक मिर्जापुर में प्राथमिक स्कूल पहरुआ और प्राथमिक स्कूल टेढ़ा का भी पुनर्निर्माण कराया जा रहा है।

डीसी निर्माण आलोक मिश्र ने बताया कि मिर्जापुर के दोनों स्कूल भवन बाढ़ में बह गए थे। इस कारण इन्हें दोबारा बनवाया जा रहा है। प्रत्येक प्राथमिक स्कूल में दो-दो शिक्षण कक्ष, एक प्रधान अध्यापक कक्ष और बरामदा तथा जूनियर स्कूल भवन में चार-चार शिक्षण कक्ष, बरामदा और एक प्रधान अध्यापक कक्ष का निर्माण कराया जाएगा।

> सभी 34 विद्यालय भवन शासन की मंशानुरूप पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कराए जा रहे हैं। संबंधित स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूल भवन निर्माण में कड़ी नजर रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित प्रधान अध्यापक का ही उत्तरदायित्व होगा।
>
> – रणवीर सिंह, बीएसए


# सांसद ने बताईं सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


जनसंपर्क करते सांसद अरुण कुमार सागर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सांसद अरुण कुमार सागर ने विधानसभा जलालाबाद के गांवों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क करने के साथ ही जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मतदान करने की अपील की।

शुक्रवार को सांसद क्षेत्र के गांव चौरसिया, कोयला, चिलौआ, रतनापुर, साहेबगंज, निबऊ नगला, मऊ शाहजहांपुर, गिरधारी नगला, रघुनाथपुर, भुडिया, रावतपुर, जाटव गौटिया, हलू नगला, देवीपुर, अल्हागंज आदि में पहुंचे। विधायक हरिप्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, जिला मंत्री छोटे लाल लोधी, मंडल अध्यक्ष रामकिशोर वर्मा, राकेश कुमार बहुगुणा, अमित सिंह ने सांसद के साथ जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए जन समर्थन मांगा।




# छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को रोपी पौध


खन्नौत किनारे पौध रोपित करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** देवी प्रसाद बालिका जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं ने शुक्रवार को खन्नौत नदी किनारे लालपुल मोक्षधाम के पीछे मैदान में पौध रोपित की। प्रधान अध्यापिका रेनू पांडेय के नेतृत्व में कक्षा की मेधावी पांच छात्राओं वंशिका, तपस्या, प्रज्ञा, शिवानी और रिया ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आशीष भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

# आबकारी टीम ने की छापेमारी 80 लीटर शराब बरामद की

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक कलान मधु तिवारी ने टीम के साथ शुक्रवार को कंजर बस्ती, कीलापुर, बेहटा जंगल आदि स्थानों पर दबिश देकर कुल 80 लीटर शराब बरामद की। मौके से बरामद 50 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया। आबकारी टीम ने मिर्जापुर ,कलान,परौर में ढाबों की चेकिंग भी की। जहां शराब पीना वर्जित है, के पोस्टर लगाने के आदेश दिए। टीम में प्रधान आबकारी सिपाही जय प्रकाश सिंह,आबकारी सिपाही वीरेंद्र यादव,मनीष कुमार,अरविंद कुमार शामिल रहे।









